आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 03.01.2025 समय : 18.30 पीएम

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर का नया मास्टर प्लान बनाने पर ज़ोर दिया–विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की।
- सुपोषित मां अभियान का तीसरा चरण शुरू–डेढ़ हजार गर्भवती महिलाओं को पोषण किट दिये गये।
- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पिछले सत्र के लम्बित प्रश्नों की विभागवार उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की।
- उदयपुर में गोगुंदा–पिंडवाड़ा हाईवे पर सड़क हादसा–पांच लोगों की मृत्यु और आठ घायल।
- राज्य सरकार ने सरकारी स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम में बदलने के पूर्ववर्ती सरकार के फैसले की समीक्षा करने का निर्णय लिया।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर का नया मास्टर प्लान बनाने पर ज़ोर दिया है। उन्होंने कहा कि बढ़ती आबादी के कारण संसाधनों पर दबाव भी बढ़ा है। इसे देखते हुए नए सिरे से नगर नियोजन की आवश्यकता है। श्री शर्मा आज मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई भांकरोटा फ्लाईओवर का काम जल्द पूरा करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को 200 फुट चौराहे पर बनने वाले फ्लाईओवर, अंडरपास और बीलवा फ्लाईओवर का गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही रीको पुलिया से मालपुरा रेलवे फाटक तक सड़क चौड़ा करने का काम जल्द पूरा करने की भी बात कही। मुख्यमंत्री सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। श्री शर्मा ने अधिकारियों को प्रतापनगर में 132 केवी जीएसएस का निर्माण तथा विद्युत लाइनों को भूमिगत करने के बारे में भी आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित अन्य विभागों के उच्च अधिकारी शामिल हुए।

000

कोटा–बूंदी संसदीय क्षेत्र में सुपोषित मां अभियान का तीसरा चरण आज से शुरू हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और उपमुख्यमंत्री तथा महिला और बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने इसकी शुरूआत की। अभियान के तहत जरूरतमंद परिवार की डेढ़ हजार गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित किये गये। अभियान में गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क दवाइयां और चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा। साथ ही उनका नियमित टीकाकरण भी होगा। गर्भस्थ शिशु और मातृ स्वास्थ्य को समर्पित इस अभियान के शुभारंभ पर श्री बिरला ने कहा कि सुपोषित मां एक सामाजिक अभियान है। स्वस्थ मां से ही स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकेगा।

.............

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को उचित पोषण देना और उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा करना सभी का दायित्व है। इस अभियान के तहत नए पंजीकरण भी किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले राज्य बजट में महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए विशेष व्यवस्था हो। इसके लिए मुख्यमंत्री से चर्चा की जाएगी।

000

केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने वनकर्मियों से आम लोगों को वन संरक्षण के लिए प्रेरित करने के लिए कहा है। श्री शेखावत आज जोधपुर में 119वें फोरेस्ट गार्ड पासिंग आउट परेड को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वन संरक्षण और वन्यजीवों की सुरक्षा को जन अभियान बनाने पर जोर दिया। इससे पहले जोधपुर हवाई अड्डे पर श्री शेखावत ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार नए पर्यटन स्थलों को विकसित करने के प्रयास कर रही है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के उर्स की शुरूआत पर बधाई दी है। उन्होंने सभी के जीवन में खुशहाली और शांति की कामना की है। श्री मोदी ने अल्पसंख्यक कार्यमंत्री किरेन रिजिजू को एक चादर भी दी, जिसे कल अजमेर में दरगाह शरीफ पर पेश किया जाएगा। श्री रिजिजू दरगाह के वेब पोर्टल और गरीब नवाज एप की भी शुरूआत करेंगे। 813वें उर्स में भाग लेने के लिए देश–विदेश से ज़ायरीन पहुंच रहे हैं। उर्स में बड़ी संख्या में लोगों की आवक को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से व्यापक इंतजाम किये गए हैं।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आज सदन के प्रश्नोत्तर और अन्य विधायी कार्यों के बारे प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। इसमें मुख्य सचिव सुधांश पंत के साथ सभी विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव और सचिवों ने भाग लिया। बैठक में श्री देवनानी ने विधानसभा के पिछले सत्रों से जुड़े प्रश्नों के संबंध में विभागवार समीक्षा की। उन्होंने विभागों की ओर से प्रश्नों का उत्तर नहीं आने के कारणों के बारे में भी जानकारी ली। अधिकारियों से संवाद में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र के सुस्थापित सिद्धांतों के अनुरुप विधायकों की ओर से राज्य सरकार से जनहित के विषयों पर प्रश्नों और प्रस्तावों के माध्यम से जानकारी मांगी जाती है। ऐसे में विभागों द्वारा विधानसभा को इनकी जानकारी समय पर नहीं देने से इसकी सार्थकता समाप्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि सदन को प्रश्नों का जबाब प्राप्त नहीं होने से विधानसभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमों का भी उल्लंघन होता है।

000

केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव आज अपने संसदीय क्षेत्र अलवर के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने तिजारा में चंद्रप्रभु जैन मंदिर में नवनिर्मित भोजनशाला और यात्री निवास का लोकार्पण किया। उन्होंने कुतीना गांव में शहीद कंवरपाल सिंह चौहान की स्मृति में आयोजित समारोह में भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्री यादव ने युवाओं से राष्ट्र प्रथम और अनुशासन की भावना से काम करने का आग्रह किया।

................

केन्द्रीय मंत्री ने आज खैरथल में आयोजित सांसद खेल उत्सव में भी शिरकत की।

000

राज्य सरकार ने सरकारी स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम में बदलने के पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के फैसले की समीक्षा करने का निर्णय किया है। सरकार ने इसके लिए उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा की अध्यक्षता में एक मंत्रिमंडलीय उपसमिति का गठन किया है। मंत्रिमंडल सचिवालय ने आज इस बारे में आदेश जारी किए। चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और खाद्य मंत्री सुमित गोदारा को इस समिति का सदस्य बनाया गया है।

000

उदयपुर में गोगुंदा–पिंडवाड़ा के बेकरिया क्षेत्र में आज ट्रेलर और टेम्पो की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। ये दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर हुई, जिसमें टेम्पो में सवार तीन महिलाओं सहित एक बच्चे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं एक घायल की इलाज के लिए ले जाते समय मृत्यु हो गई। अन्य घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस भीषण हादसे में हुई जनहानि पर शोक जताया है। उन्होंने अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

000

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत प्रदेशभर में जागरुकता कार्यक्रम हो रहे हैं। इसी कड़ी में आज झुंझुनूं में बेसहारा पशुओं को रेडियम युक्त बेल्ट बांधे गए। इस नवाचार के तहत जिला पर्यावरण सुधार समिति की ओर से सात हजार बेल्ट उपलब्ध करवाए गए हैं। वहीं डूंगरपुर में जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक ने गुलाब का फूल देकर लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की। साथ ही लोगों से हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट लगाने के लिए समझाइश की गई। वहीं सवाईमाधोपुर में प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर यातायात जागरुकता सामग्री प्रदर्शित की जा रही है।

000

प्रदेश में साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए ''ऑपरेशन साइबर शील्ड'' विशेष अभियान शुरू किया गया है। ये अभियान 31 जनवरी तक चलेगा। पुलिस के साइबर अपराध महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि राज्य में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए ये शुरूआत की गई है। इस दौरान साइबर प्रकरणों और परिवादों का निस्तारण करने के साथ लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरुक किया जाएगा।

000

राज्य में अगले दो–तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार आज वनस्थली में न्यूनतम तापमान 5 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इसके साथ ही भरतपुर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, हनुमानगढ़ सहित विभिन्न स्थानों पर सुबह घना कोहरा छाया रहा। हालांकि दिन में तेज धूप निकलने से लोगों को ठंड से राहत मिली। ज्यादातर जगहों पर तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी रिकॉर्ड की गई।

000